भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1362
बुधवार, 03 जुलाई, 2019/12 आषाढ़, 1941 (शक)

मौजूदा बेरोजगारी की समस्या के लिए रोजगार नीति

1362. डा॰ अमी यज्ञिकः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में बेरोज़गारी की गंभीर समस्या के मद्देनज़र, देश के लिए व्यापक रोजगार नीति बनाई/परिकल्पित की है; और

(ख) यदि हां, तो इसकी संक्षिप्त रूपरेखा क्या है और प्रमुख क्षेत्रों तथा विशिष्ट रूप से कौशल विकास और उद्यमशीलता, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के क्षेत्रों में उसके कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क एवं ख): राष्ट्रीय रोजगार नीति का मसौदा तैयार करने के लिए एक अंतर-मंत्रालीय समिति का गठन किया गया था तथा नीति के लिए आगतों हेतु विभिन्न पणधारकों, जैसे मंत्रालयों, राज्य सरकारों, ट्रेड यूनियनों, उद्योग परिसंघों, आईएलओ आदि के साथ परामर्श किया गया था।

प्रस्तावित नीति का उद्देश्य, अन्य बातों के साथ-साथ, बृहत्-आर्थिक नीतिगत मुद्दों, क्षेत्रक नीतिगत मुद्दों, श्रम नीतिगत मुद्दों, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के मुद्दों, कौशल विकास मुद्दों, महिलाओं एवं कमजोर कामगारों से संबंधित मुद्दों का समाधान करना है तथा यह रोजगार अवसरों में सुधार हेतु सुझावों को भी शामिल करती है।

*****